प्रेस नोट

जनपद भदोही

दिनांक: 03.11.2026

◆ जनसमस्याओं के त्वरित, पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित आईजीआरएस/जनसुनवाई प्रणाली में जनपद भदोही पुलिस का उत्कृष्ट प्रदर्शन

◆ माह अक्टूबर-2026 की आईजीआरएस मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट में जनपद भदोही पुलिस को उत्तर प्रदेश में मिला प्रथम स्थान

◆ जनपद भदोही पुलिस को प्रदेश स्तर, वाराणसी जोन एवं विंध्याचल रेंज–तीनों में प्राप्त हुई प्रथम रैंक (Rank-1)

पुलिस अधीक्षक भदोही श्री अभिनव त्यागी के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री शुभम अग्रवाल के सतत पर्यवेक्षण में जनपद में जनसुनवाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। एसपी महोदय द्वारा नियमित समीक्षा बैठकों, थानों को संदर्भित प्रार्थना पत्रों के स्थलीय व निष्पक्ष निस्तारण तथा गुणवत्तापूर्ण फीडबैक सुनिश्चित कराए जाने के फलस्वरूप जनपद पुलिस लगातार शीर्ष स्थान पर बनी हुई है।

इस उपलब्धि में पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित आईजीआरएस सेल की टीम का निरंतर तकनीकी प्रबंधन एवं सक्रिय मॉनिटरिंग में विशेष व सराहनीय योगदान रहा। एसपी भदोही द्वारा पूरी टीम के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए इसी तत्परता व संवेदनशीलता से कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

आईजीआरएस सेल में नियुक्त पुलिस टीम:

निरीक्षक राजकुमार सिंह (प्रभारी आईजीआरएस सेल)

उ0नि0 संतोष कुमार सिंह

हे0कां0 हीरालाल विश्वकर्मा

कां0 विवेक कुमार

कां0 आकाश कुमार

कां0 कौशल कुमार